दिन– मंगलवार दिनांक– 02 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आज राज्य के सभी बूथ कमिटी अध्यक्षों से सीधा संवाद करेंगे।

02. लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नाम वापसी का आज अंतिम दिन। उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए अबतक उनतालीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में।

03. स्वास्थ्य विभाग ने मुजफ्फरपुर सहित बारह एईएस प्रभावित जिलों के अस्पतालों को अलर्ट किया। प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए विशेष कमिटी होगी गठित।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– इस महीने राज्य में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना। बारिश सामान्य से कम होगी।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव के तैयारी को लेकर आज बिहार के सभी बूथ कमिटी अध्यक्षों से सीधा संवाद करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री राज्य के सभी बूथ कमिटी, बूथ अध्यक्ष, सभी पन्ना प्रमुखों और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार शाम छह बजे प्रधानमंत्री प्रदेश के सतहत्तर हजार तीन सौ बानवे भाजपा बूथ अध्यक्षों से बात करेंगे। वहीं, नवादा, खगड़िया, सीवान के नौतन, दरभंगा के जाले और औरंगाबाद के रफीगंज के एक–एक बूथ कमिटी सदस्यों से सीधा संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री इस संवाद कार्यक्रम के दौरान नमो एप, नमो टीवी और प्रधानमंत्री के आधिकारिक यूट्यूब चैनल **नरेन्द्र मोदी** के माध्यम से लोगों से जुडेंगे।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज नाम वापसी का अंतिम दिन है। इन सीटों पर उनतालीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन सीटों पर बहत्तर उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे थे, जिसमें तैंतीस नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये थे। गया संसदीय सीट से पंद्रह, जमुई से सात, नवादा से आठ और औरंगाबाद से नौ उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण के तहत गया, औरंगाबाद, जमुई और नवादा में उन्नीस अप्रैल को मतदान होना है।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए कटिहार, किशनगंज, पूर्णियां, भागलपुर तथा बांका संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। कल नामांकन के तीसरे दिन किशनगंज और पूर्णियां से दो–दो नामांकन दाखिल किए गए। कटिहार में जदयू के दुलालचंद गोस्वामी और एक निर्दलीय प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया हैं। वहीं, पूर्णिया में जदयू के संतोष कुशवाहा, जबकि एक निर्दलीय प्रत्याशी ने पर्चा भरा है।

———————————————————————

स्वास्थ्य विभाग ने मुजफ्फरपुर सहित बारह एईएस प्रभावित जिलों के अस्पतालों को अलर्ट किया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने **एक्यूट इंसेफ्लाइटिस सिन्ड्रोम–एईएस** और **जापानी इंसेफ्लाइटिस–जेई** मामले की समीक्षा करते हुए कहा कि इन मरीजों के इलाज के लिए नया ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल बनाय जा रहा है। पटना एम्स के वैज्ञानिक इस प्रोटोकॉल को तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूनिसेफ और पाथ के सहयोग से विशेष कमिटी भी बनायी जाएगी। इस सिलसिले में स्वास्थ्य सचिव आज मुजफ्फरपुर का दौरा करेंगे। गौरतलब है कि अबतक राज्य मेंएईएस के चार मामले सामने आ चुके हैं। इनमें मुजफ्फरपुर और सीतामढ़ी में दो–दो मरीजों की पुष्टि हुयी है। वहीं, जापानी इंसेफ्लाइटिस के एक–एक मरीज गया और बक्सर में मिले हैं।

———————————————————————

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सीजीएचएस योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य– आभा आईडी से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। निर्देश के अनुसार लाभार्थियों को अगले तीस दिन में अनिवार्य रूप से सीजीएचएस आईडी को आभा आईडी से जोड़ना होगा।

———————————————————————

प्रदेश की बिजली कंपनियों में दो हजार छह सौ पदों पर नियमित बहाली की जाएगी। बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी ने तकनीकी कारणों से आज से शुरू होने वाली ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया स्थगित कर दी है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार पंद्रह से बीस दिनों में तकनीकी बाधा दूर कर अगले माह से आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। इन पदों पर बहाली के लिए दो हजार तकनीनियशन ग्रेड–थ्री, तीन सौ कनिष्ठ लेखापाल और एक सौ पचास सहित कई पदों पर भर्ती होगी।

———————————————————————

वित्तीय वर्ष दे हजार तेईस–चौबीस के लिए नाबार्ड ने बिहार को वित्त और अनुदान सहायता के लिए दस हजार तीन सौ बहत्तर करोड़ रूपये की सहायता दी है। नाबार्ड की ओर से बिहार को अबतक एक वर्ष में दी गयी यह सबसे अधिक वित्तीय सहायता है।

————————————————————————

विमानन सुरक्षा निगरानी संस्थान–बीसीएएस ने यात्रियों की सुविधा के लिए नये दिशा–निर्देश जारी किये हैं। इसके तहत विमान में सवार होने के बाद उड़ान में ज्यादा देरी होने पर यात्रियों को हवाई अड्डे के प्रस्थान द्वार से बाहर निकलने की अनुमति दी गयी है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशक जुल्लिफिकार हसन ने बताया कि एयरलाइंस कंपनियों और हवाई अड्डा संचालकों के लिए तीस मार्च को नए दिशा–निर्देश जारी किये गये थे। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से यात्रियों को विमान में सवार होने के बाद लंबे समय तक बैठे नहीं रहना पड़ेगा।

————————————————————————

सार्वजनिक तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेन्डर की दरों में कटौती की है। उन्नीस किलोग्राम के सिलेन्डर की कीमत में तीस रूपये पचास पैसे की कटौती की गयी है। इसके बाद अब यह सिलेन्डर एक हजार सात सौ चौंसठ रूपये पचास पैसे में मिलेगा। वहीं, पांच किलोग्राम वाला रसोई गैस सिलेन्डर की कीमत में साढ़े सात रूपये की कमी की गयी है। वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में जनवरी के बाद यह पहली कटौती है।

————————————————————————

राज्य सरकार के अधीन कार्यरत भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारती पुलिस सेवा के अधिकारियों से लेकर तृतीय वर्ग के कर्मियों की चल–अचल संपत्ति घोषित कर दी गयी है। अधिकारी कर्मियों के इकतीस दिसम्बर दो हजार तेईस तक दिये गये संपत्ति ब्योरे को संबंधित विभाग की वेबसाईट पर सार्वजनिक किया गया है। इनमें मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा और पुलिस महानिदेशक आर.एस. भट्ठी समेत कई अधिकारी शामिल हैं।

————————————————————————

मौसम विभाग ने अपने मासिक मौसम विशलेषण में कहा है कि राज्य के अधिकांश हिस्सों में इस महीने न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। इस दौरान लू के दिनों की संख्या भी सामान्य से अधिक रह सकती है। विभाग के अनुसार इस अवधि में वर्षा सामान्य या सामान्य से कम रहने की संभावना है। इधर, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में पछुआ हवा के प्रभाव के कारण तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। कई स्थानों पर तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान वैशाली लगातार दूसरे दिन प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। यहां का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक शैलेन्द्र कुमार पटेल ने बताया कि अगले दो दिन के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। उसके बाद अगले तीन दिन के दौरान तापामान मे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और वृद्धि हो सकती है।

——बाईट——

————————————————————————————————

देश में अगामी दो—ढाई महीने में अत्यधिक गर्मी पड़ने की सम्भावना को देखते हुए केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने विभिन्न हितधारकों के साथ नई दिल्ली में बैठक की। उन्होंने कहा कि अत्यधिक गर्मी के बीच आम चुनावों को देखते हुए राज्य सरकारों सहित सभी हितधारकों ने इस संबंध में व्यापक तैयारी की है।

———बाईट———

हीट वेव के समय में कम से कम लोगों को नुकसान हो इसकी व्यवस्था के लिए तैयारी की गई हैं। हीट वेव को रोकने के लिए, स्टेकहोल्डर से और राज्य सरकारों के साथ मिलकरके मेरी अध्यक्षता में दो दिन की बैठक हुई उसमें पूरा तैयारी कैसे—कैसे किया उसका भी पेशकश की गई है और आगे क्या करना चाहिए इसका भी एडवायजरी जारी किया गया है।

————————————————————————————————

रेलवे ने होली के बाद काम पर लौटने वाले प्रवासियों की सुविधा को देखते हुए राज्य के विभिन्न भागों से नई दिल्ली जाने वाली होली स्पेशल रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि की है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पटना जंक्शन, गया, राजगीर, सहरसा और समस्तीपुर से पांच अप्रैल तक ये ट्रेन फेरे लगायेंगी।

————————————————————————————————

आज विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस है। दुनिया भर में ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिस्ऑडर के प्रति लोगों में जागरूकता और ऑटिज्म पीड़ितों के प्रति समाज में स्वीकार्यता पैदा करने के मकसद से प्रति वर्ष दो अप्रैल को यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिवस की थीम है – **ऑटिज्म आवाजों को सशक्त बनाना।** इस अवसर पर देश और प्रदेश के कई अस्पतालों में जागरूकता शिविर आयोजित किये जा रहे हैं।

—————————————————————

शिक्षा विभाग ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत कार्यरत नियोजित शिक्षकों के वेतन के लिए छह सौ अंठावन करोड़ रूपये जारी किये गये हैं। इस राशि से मार्च महीने के वेतन का भुगतान होगा। इस अभियान के तहत प्रदेश में दो लाख पचहत्तर हजार से अधिक शिक्षकों को वेतन का भुगतान किया जाएगा।

—————————————————————

मीराबाई चानू ने थाईलैंड में आयोजित आईडब्ल्यूएफ भारोत्तोलन विश्व कप के महिलाओं के ग्रुप बी में उनचास किलोग्राम भार वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया। इस जीत के साथ ही वे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइ करने वाली देश की एकमात्र भारोत्तोलक बन गई हैं। मीराबाई ने कुल एक सौ चौरासी किलोग्राम भार उठाया।

—————————————————————

ग्वालियर में संपन्न तेईसवीं सीनियर पारा स्वीमिंग चैंपियनशिप में मधुबनी जिले के मोहम्मद शम्स आलम शेख ने दो सौ मीटर एकल स्पर्धा में नेशनल रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता है। शम्स ने अन्य स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक भी प्राप्त किया।

—————————————————————

पटना में खेली जा रही तैंतीसवीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में मेजबान बिहार ने बंगाल को अड़तालीस–बीस से पराजित कर दिया। वहीं, अन्य मुकाबलों में उत्तर प्रदेश ने आन्ध्र प्रदेश को, चंढ़ीगढ़ ने त्रिपुरा को और कर्नाटक ने ओडिशा को पराजित किया है।

—————————————————————

पटना में आयोजित रणधीर वर्मा अंडर–नाईंटीन क्रिकेट टूर्नामेंट में वैशाली ने अरवल को एक सौ बहत्तर रनों के अंतर से पराजित किया। वैशाली ने निर्धारित पचास ओवर में आठ विकेट पर तीन सौ पैंतीस रन बनाए। इसके जवाब में अरवल की टीम बयालीस ओवर में एक सौ तिरेसठ रन पर ही सिमट गयी। प्रतियोगिता के तहत पूर्णिया

में खेले गये मुकाबले में कटिहार की टीम ने किशनगंज को हरा दिया। वहीं, जमुई के झाझा में आयोजित एक अन्य मैच में भागलपुर ने बांका को पैंतालीस रनों से पराजित किया।

———————————————————————

खगड़िया जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत रहीमपुर दक्षिणी पंचायत के सोसायटी टोला में अगलगी की घटना में छह दर्जन से अधिक घर जलकर नष्ट हो गए।

———————————————————————

अररिया जिले के फुलकाहा में एसएसबी और स्थानीय पुलिस की छापेमारी में दस किलो गांजा बरामद किया गया है।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

लोकसभा चुनाव की खबर को **प्रभात खबर** अपनी लीड बनाते हुए लिखता है– राजद– कांग्रेस में अब भी फंसा है पेंच। पूर्णिया से चुनाव लड़ने पर पप्पू अडिग।

**दैनिक जागरण** का शीर्षक है– कटिहार संसदीय क्षेत्र से तारीक अनवर के विरूद्ध निर्दलीय लड़ेंगे राजद के राज्यसभा सदस्य अशफाक।

**दैनिक भास्कर** ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है– इस बार पचासी प्रतिशत देश तपेगा, नब्बे दिन का हीट जोन।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– राज्य के आईएएस आईपीएस अधिकारियों की संपत्ति की घोषणा।

**राष्ट्रीय सहारा** की सुर्खी है– एक वाहन–एक फास्ट टैग नियम देशभर में लागू।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आज राज्य के सभी बूथ कमिटी अध्यक्षों से सीधा संवाद करेंगे।

02. लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नाम वापसी का आज अंतिम दिन। उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए अबतक उनतालीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में।

03. स्वास्थ्य विभाग ने मुजफ्फरपुर सहित बारह एईएस प्रभावित जिलों के अस्पतालों को अलर्ट किया। प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए विशेष कमिटी होगी गठित।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– इस महीने राज्य में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना। बारिश सामान्य से कम होगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।